सांवरे तेरा सहारा चाहिए,
मेरी कश्ती को किनारा चाहिए,
साँवरे तेरा सहारा चाहिए,
सांवरे तेरा सहारा चाहिए।।

यूँ तो जग में अपनों की भरमार है,
स्वार्थ के पुतले है ना कोई यार है,
बस हमें तो श्याम प्यारा चाहिए,
मेरी कश्ती को किनारा चाहिए,
साँवरे तेरा सहारा चाहिए,
सांवरे तेरा सहारा चाहिए।।

जल में गज में आपने रक्षा करी,
वैसे ही अब मेरी भी सुनलो हरी,
फिर से वो किस्सा दोबारा चाहिए,
मेरी कश्ती को किनारा चाहिए,
साँवरे तेरा सहारा चाहिए,
सांवरे तेरा सहारा चाहिए।।

डूब ना जाए मेरी नौका कहीं,
पार करना चूकना मौका नहीं,
तेरी नजरो का इशारा चाहिए,
मेरी कश्ती को किनारा चाहिए,
साँवरे तेरा सहारा चाहिए,

सांवरे तेरा सहारा चाहिए।।

बिन्नू पे उपकार इतना कीजिये,
दिल है व्याकुल अब शरण में लीजिये,
श्याम चरणों में गुजारा चाहिए,
मेरी कश्ती को किनारा चाहिए,
साँवरे तेरा सहारा चाहिए,
सांवरे तेरा सहारा चाहिए।।

सांवरे तेरा सहारा चाहिए,
मेरी कश्ती को किनारा चाहिए,
साँवरे तेरा सहारा चाहिए,
सांवरे तेरा सहारा चाहिए।।

Singer : Sanjay Mittal Ji

Source: https://www.bharattemples.com/saware-tera-sahara-chahiye/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/

Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw